दैनिक जागरण 31/10/2023

करवाचौथ के उपलक्ष्य में कराई प्रतियोगिताएं

जागरण संवाददाता, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में कामर्स संगठन द्वारा करवा चौथ के उपलक्ष्य पर प्राचार्य डा. रोहित के मार्गदर्शन में पौट डेकोरेशन, कैप्शन राइटिंग और बैज मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने कहा कि वे भविष्य में भी ऐसी और प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें तथा आत्मनिर्भर बनने पर जोर दें। कामर्स संगठन इंचार्ज डा. सुमन तथा सभी सदस्यों ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। कामर्स विभाग सेल्फ फाइनेंस के विभागाध्यक्ष सुरेंद्र कुंडू ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की सृजन क्षमता को बढ़ाना है। चयनित सदस्यों में प्रधान शगुन, उप प्रधान हर्षिता, जस्मिता, सचिव गुनीत, मुस्कान, शिखा, गौरव तथा अन्य सदस्यों को बैज दिए गए। पौट डेकोरेशन में प्रथम स्थान पर बेबी, द्वितीय गुनीत, तृतीय शिखा तथा सांत्वना पुरस्कार आकांक्षा को मिला। निर्णायक मंडल की भूमिका में डा. रवनीत कौर, डा. रितु गुप्ता व डा. पिंकी गुप्ता रहे। इस अवसर पर राममूर्ति, डा. अनुराधा, डा. सुमन, डा. पिंकी गुप्ता, रमणीक कौर, जस्मिता हांडा, उदिता आदि मौजूद रहे। उधर, कालेज में कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा टीचिंग स्टाफ के लिए टीच अस एप के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान भिन्न-भिन्न प्रकार के माड्यूल्स जैसे अटेंडेंस, नोटिस, टाइम टेबल, लेक्चर, नोट्स इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई।

जीएमएन कालेज में करवा चौथ पर आयोजित प्रतियोगिताओं में शामिल प्रतिभागी।